पटना जिला के संसदीय चुनाव क्षेत्रों में मतदान प्रारूप का निर्धारण (1977–2004)

डॉ० रोहित

वर्तमान शोध पत्र में पटना जिला के संसदीय चुनाव क्षेत्रों में 1977–2004 के दौरान मतदान प्रारूप के निर्धारण को प्रस्तुत किया गया है। निर्वाचन भूगोल राजनीति भूगोल की नई शाखा है, जो तरुणावस्था में है। इसके परिणामस्वरूप इसकी संकल्पना में लगातार परिवर्तन हो रहा है। पटना जिला के अन्तर्गत पटना एवं बाढ़ दो संसदीय क्षेत्र है। प्रस्तुत शोध–पत्र के माध्यम से पटना तथा बाढ़ संसदीय चुनाव क्षेत्र में मतदान प्रारूप को निर्धारित करने वाले सामाजिक–आर्थिक चरों के प्रभाव की चर्चा की गई है। प्रस्तुत शोध–पत्र में 7 सामाजिक–आर्थिक चरों का प्रयोग किया गया है, इन्हें वर्गीकृत कर स्वतंत्र चर के रूप में लिया गया है और प्रदेश के मतदान प्रारूप के साथ सह–संबंध स्थापित किया गया है।